1

ग्राम -संगठ्न और गांव का विकास

ग्राम-संगठन, गांव और पंचायत के विकास में क्या कर सकता है?

- ग्राम संगठन महिलाओं की सोच, आवाज और हिम्मत को बढ़ाता है।
- कोई भी जानकारी, संगठन के माध्यम से समूह में और समूह के माध्यम से पूरे गांव में बहुत तेजी और आसानी से पहुंच सकती है। जैसे "पेंशन अब 300 रूपये की जगह 600" हो गई है।
- सामूहिक दबाव से ठीक से काम नही कर रही व्यवस्थाओं/ सेवाओं को सुधारा जा सकता है, उदाहरण के लिये यदि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आ रहा हो तो ग्राम संगठन मिलकर शिक्षक पर सामूहिक दबाव बना सकता है।
- किसी पारिवारिक दबाव जैसे लड़की की कम उम्र में शादी या शराब के नशे में पत्नि की पिटाई-ऐसी परिस्थितियों में ग्राम संगठन के सदस्य अपने साथी के साथ खड़े होकर उसके परिवार को गलत काम करने से रोकने के लिये विरोध कर सकता है।
- ग्राम संगठन एक छाते की तरह है जिसके नीचे कठिन समय में शरण मिलती है, जैसे किसी एक सदस्य के घर में कोई कठिनाई हो तो संगठन उसकी मदद कर सकता है।